# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510






संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शनिवार 19 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


## शुभ शुक्रवार गुड फ्राइडे पे सभी प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल शुभ शुक्रवार गुड फ्राइडे पे सभी प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर मृत्यु के समय में उन्होंने सात वचन दुनिया के लोगों के लिए बोला था सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च में पहली प्रथम वाणी पर आर्कडीकों रेव डॉ अनिल मार्टिन ने अपने विचार प्रकट करते हुए यह कहा पहले वाणी हे पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते की यह क्या कर रहे हैं प्रभु यीशु मसीह ने दुनिया के लोगों के लिए प्रार्थना किया कि आज भी वह नहीं जानते कि सत्य के मार्ग को खोजते खोजते वह कहां पर पहुंच गए आज वक्त है सत्य को पहचाने और जीवित परमेश्वर के पीछे चलकर अपनी आत्मा और उद्धार को साल्वेशन के मार्ग पर प्रवेश करने का मौका दें दूसरी वाणी श्रीमती जैस्मिन डेविड के द्वारा से प्रचार



की गई जिसमें उन्होंने अपने विचार प्रकट करते हुए प्रभु यीशु द्वारा बोले गए दूसरी वाणी पर संदेश दिया जिसमें उन्होंने यीशु मसीह के साथ क्रूस के ऊपर चढ़े हुए डाकू के लिए कहा कि आज ही तू मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा तीसरी वाणी पर प्रशासन देते हुए डॉक्टर श्रीमती नम्रता स्वरूप ने अपने यीशु मसीह की माता के विषय में जिम्मेदारी की योजना के बारे मैं बताया और कहा यह तेरी माता और मरियम से कहा देख यह तेरा पुत्र जो आगे तेरी सेवा करेगा चौथी वाणी श्री डी के अलेक्जेंडर के द्वारा से बोली गई जिसमें कहा गया है मेरे परमेश्वर है मेरे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया पांचवी वाणी डॉक्टर श्रीमती सुमन मार्टिन ने अपने द्वारा से प्रेषित की और यीशु मसीह के द्वारा बोले गए कि मैं प्यासा हूं पर प्रकाशन दिया छठवीं वाणी पर पास्टर सुबन सोना ने अपने द्वारा से विचार प्रकट किया जिसमें प्रभु येशु ने कहा था पूरा हुआ सातवीं वाणी पर डॉक्टर तिमोथी वानखेडे ने यह संदेश दिया कि मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं इस प्रकार से साथ वाणियो का समापन हुआ साथ ही कल दिनांक 19 तारीख को 4ः00 बजे से भारत माता चौक पर मसीह लोग मिलकर के सद्भावना एवं शांति रैली का आह्वान करने जा रहे हैं जो सारे जगत के लिए प्रेम का संदेश रैली के द्वारा से प्रकट किया जाएगा

## नगर परिषद सिराली में धरना प्रदर्शन

**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता**
**जिला ब्यूरो संजय योगी**

नगर परिषद सिराली में सीएमओ राहुल शर्मा की कार्यशैली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ पर तानाशाही रवैये और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इस विवाद के चलते नगर परिषद अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम बुचा और कई पार्षदों ने कार्यालय के बाहर तंबू गाड़कर धरना प्रदर्शन किया। विवाद की वजह वार्ड क्रमांक 3 में नाली निर्माण कार्य को लेकर है, जहां स्थानीय विधायक अभिजीत शाह ने भूमि पूजन किया। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि यह कार्य पहले ही शुरू हो चुका था और भूमि पूजन महज औपचारिकता थी। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों को आमंत्रित तक नहीं किया गया।




जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अध्यक्ष अनीता कैलाश चंद अग्रवाल ने कहा कि सीएमओ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता नहीं है और भ्रष्टाचार और निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। सीएमओ राहुल शर्मा ने सफाई देते हुए कहा कि भूमि पूजन विधायक का व्यक्तिगत कार्यक्रम था और नगर परिषद की तरफ से कोई आयोजन नहीं हुआ था। प्रभारी मंत्री के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत द्वारा प्रभारी मंत्री से चर्चा की गई और उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि मामले की जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद धरना समाप्त किया गया।मनीष मंगोले अनिल राजपूत मंडल अध्यक्ष श्याम बुचा उपाध्यक्ष कालूराम सेजकर जितेंद्र मालवीय विक्रम सिंह राजपूत मेहराज खा शिवदास गुर्जर धर्मेंद शिंदा कान्हा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे

## शारदा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सवः नारायण मिशन

**भोपाल**

माँ शारदा की पावन कृपा से यह सूचित करते हुए हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है कि श्री नारायण मिशन द्वारा द्वितीय वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव (पंचलोहा प्रतिष्ठा) का आयोजन दिनांक 19 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक शारदा मठ, श्री नारायण गुरु मंदिर परिसर, श्री नारायण नगर, ओल्ड सुभाष नगर, गोविंदपुरा, भोपाल में किया जा रहा है। यह पाँच दिवसीय भव्य महोत्सव श्री नारायण मिशन युवा शाखा की सक्रिय भागीदारी से संपन्न होगा। सभी पूजन-विधियाँ एवं अनुष्ठान केरल से पधारे प्रतिष्ठित आचार्य श्री राजेश तांत्रिकाल, मानपारा एवं श्री संतोष शांति काल, श्री नारायण गुरु मंदिर द्वारा विधिपूर्वक सम्पन्न किए जा रहे हैं। श्री नारायण मिशन के अध्यक्ष श्री प्रकाशानन एस ने सभी सदस्यों एवं अनुयायियों से आग्रह किया है कि वे इस पवित्र एवं ऐतिहासिक अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर माँ शारदा की दिव्य कृपा का लाभ लें और सामूहिक रूप से इस आयोजन को सफल बनाएं। हम समस्त श्रद्धालुओं से निवेदन करते हैं कि इस आध्यात्मिक पर्व में भाग लेकर अपने जीवन को पवित्र और सार्थक बनाएं।

## भगवान देवनारायण की बाल लीलाओं का वर्णन किया

भोपाल पंचमुखी हनुमान मंदिर सुहागपुर मिसरोद में चल रही कथा में



भगवान देवनारायण कथा में कथा वाचक संत श्री सांवरिया गुर्जर ने भगवान देवनारायण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए का भगवान देवनारायण विष्णु के अवतार कहे जाते हैं और राजस्थान में उनका कमल के फूल में जन्म हुआ आयोजक सुमित मीणा, अमित मीणा ने बताया की कथा 16 तारीख से प्रारंभ और 22 तारीख को समापन होगा


## भगवान स्वयं ब्रज में अवतार लेते हैं




**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन श्री पंचमुखी हनुमान दुर्गा मंदिर,अयोध्या बाई पास में चल रही श्रीमद् भगवत कथा, पूज्य डॉक्टर संजय कृष्ण ÷सलिल÷ जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन की कथा में कहा कि भगवान स्वयं ब्रज में अवतार लेते हैं, पूरा कथा स्थल ÷नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की÷ से गूंज उठा नंद बाबा के यहां छह माह तक जन्मोत्सव मनाया गया नंद बाबा ने खूब दान दिया बृजवासी खूब दान लेकर जा रहे थे, धन की तीन गति होती है दान,भोग,नाश उत्तम गति दान होती है परमात्मा ने धन दिया है तो दान करना चाहिये अगर हम धन को पुण्य के कार्यो मे नही लगायेगा तो लक्ष्मी ज्यादा दिन नहीं रहती है। अविद्या रुपी पूतना अपने स्तनो मे विष लगाकर भगवान को मारने के उद्देश्य से आती है प्रभु कितने दयाल है कि उसे माता की गति प्रदान कर देते हैं। भगवान कृष्ण माखन चोरी करते हैं प्रभु की प्रत्येक लीला में जनकल्याण की भावना समाहित होती है आगे कथा मे महाराज जी ने गोवर्धन की लीला का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया सभी को झांकी का दर्शन कराया एवं ÷श्री गोवर्धन महाराज÷ भजन सुन कर भक्त झूम उठे कथा के मुख्य यजमान~ अवधनारायण चौबे-अनुराधा चौबे, राहुल चौबे-हर्षिता चौबे कथा में उपस्थित समिति के सदस्य - मुकेश पाठक, पार्षद शिरोमणि शर्मा,पं केशव, पं उमेश तिवारी,विनोद शर्मा,संजय मुदगल, अमन शर्मा

## पवन सिंह धाकड़ ने बांग्ला मुखी माता रानी पर जाकर किया शत्रु विनाशक महा हवन किया





भोपाल बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार नरसंहार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सहसंयोजक पवन सिंह धाकड़ ने बांग्ला मुखी माता रानी पर जाकर किया शत्रु विनाशक महा हवन किया जिसमें नन्हेंलाल त्रिपाठी जी भारत महाराज जी नयन चौक से इन सब ने संकल्प लिया के पूरे देश में हिंदू विरोधी ताकतों का डटकर सामना करेंगे पवन सिंह धाकड़ जी ने बताया महावन मां बगलामुखी पर जाकर किया है बंगाल की ममता बनर्जी जल्द से जल्द उनका शासन प्रशासन उनका पद गिरे ऐसी कामना की बंगाल में कोई अच्छे सरकार बने बोलाई हनुमान जी के मंदिर पर जाकर प्रार्थना की देश में हिंदुओं पर अत्याचार ना हो

## विद्यालय में कक्षा मॉनिटर नियुक्ति समारोह संपन्न

भोपाल हेडलाइन दि आईकॉनिक स्कूल भोपाल में कक्षा मॉनिटर नियुक्ति समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य महोदया सुमन पुरोहित दास, सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं प्रार्थना सभा से हुई, जिसके पश्चात प्राचार्या जी ने कक्षा मॉनिटर की भूमिका और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, ÷मॉनिटर विद्यालय अनुशासन और छात्रों के बीच समन्वय बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता



है। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं के मॉनिटरों के नामों की घोषणा की गई और उन्हें बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। चयनित मॉनिटरों ने अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ ली

## मध्य प्रदेश भारत से विश्व शांति और पर्यावरण चेतना का संदेश लेकर थाईलैंड रवाना होंगे भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, भारत के अध्यक्ष एवं प्रमुख भिक्षु परम आदरणीय भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो 21 अप्रैल 2025 को थाईलैंड के लिए प्रस्थान करेंगे। वे वहां धम्मकाया फाउंडेशन द्वारा आयोजित विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस, केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का दिवस नहीं, बल्कि मानवता को धरती



माता की रक्षा हेतु एकजुट करने का संकल्प दिवस है। यह आयोजन इस वर्ष लुआंग फोर धम्मजायो की जयंती के पावन अवसर पर और भी पवित्र बन गया है। धम्मकाया फाउंडेशन इस शुभ दिन पर विश्व के 40,000 से अधिक बौद्ध विहारों के भिक्षु संघ प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर भव्य संघदान अर्पण जैसे पुण्यकार्य का आयोजन कर रहा है। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो की गरिमामयी उपस्थिति मध्य प्रदेश की बौद्ध परंपरा, करुणा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का वैश्विक मंच पर प्रतिनिधित्व करेगी। यह यात्रा केवल एक आमंत्रण नहीं, बल्कि शांति, दया और प्रकृति-संरक्षण का वैश्विक संदेश है – भारत की धरती से पूरी मानवता के लिए।

## ओंकारा बावड़ी का पुनः संवर्धन कर जल गंगा अभियान का श्रीगणेश करे : इला तिवारी

### स्वच्छता एवं जल संवर्धन रैली निकाल कर ग्राम पंचायत सेवनिया ओंकारा में जगाया स्वच्छता का अलख

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल।ग्राम पंचायत सेवनिया ओंकारा में विधायक रामेश्वर शर्मा के निर्देश पर सरपंच गजराज सिंह अहिरवार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा कर जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने उपस्थित जनसमुदाय के बीच सरहाना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं सरपंच गजराज सिंह अहिरवार ने ग्राम के स्वच्छता कर्मियों का नारियल श्रीफल भेंट कर कर सम्मानित किया।इस अवसर जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी के नेतृत्व में स्वच्छता एवं जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई। जल संरक्षण एवं जल श्रोतों के संरक्षण के लिए जिला पंचायत सीईओ ने हजारों वर्ष पुरानी बावड़ी के पुनः सफाई करने एवं बावड़ी का सौंदर्यीकरण करने का भूमिपूजन कर सरपंच गजराज सिंह अहिरवार को निर्देश दिए हैं। चिलचिलाती गर्मी के बावजूद ग्रामीणों के उत्साह को देखकर



जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी जी बेहद प्रसन्न थीं ।

इस अवसर पर सरपंच गजराज सिंह अहिरवार ने जिला पंचायत सीईओ को बताया कि इस जगह पर गणेश जी और माता जी की झांकियों का विसर्जन किया जाता है और गांव से निकलने वाली भुजरिया यात्रा भी यही पर संपन्न होती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अशोक मीना सम्राट, पूर्व भोपाल कोआपरेटिव अध्यक्ष जीवन मैथिल, मध्यप्रदेश पंचायत सचिव कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ वैष्णव, ग्राम पंचायत बोरदा के सरपंच बटनलाल सूर्यवंशी, सचिव मस्तान मीना, इंद्रपाल सिंह राजपूत, मंशाराम पाल, अंतरसिंह आर्य, संतोष झारिया , संदीप श्रीवास्तव , आशा राय , पल्लवी चौधरी , सचिव सतीश नामदेव सहित जिला पंचायत भोपाल की रेखा पांडे, दिप्ती राय सहित ग्राम की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं। हजारों ग्रामवासी उपस्थित हुए , स्वच्छता अभियान एवं जल गंगा संवर्धन अभियान का विराट कार्यक्रम देखकर उनमें गजब का उत्साह था । विराट , अभूतपूर्व , ऐतिहासिक कार्यक्रम का संचालन दशरथ वैष्णव जी ने किया ।


## नगर परिषद सिराली में धरना प्रदर्शन




**सिराली जिला ब्यूरो दीपक बिल्लौरे**

नगर परिषद सिराली में सीएमओ राहुल शर्मा की कार्यशैली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ पर तानाशाही रवैये और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इस विवाद के चलते नगर परिषद अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम बुचा और कई पार्षदों ने कार्यालय के बाहर तंबू गाड़कर धरना प्रदर्शन किया।

विवाद की वजह वार्ड क्रमांक 3 में नाली निर्माण कार्य को लेकर है, जहां स्थानीय विधायक अभिजीत शाह ने भूमि पूजन किया। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि यह कार्य पहले ही शुरू हो चुका था और भूमि पूजन महज औपचारिकता थी। खास बात यह रही कि इस कार्यक्रम में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों को आमंत्रित तक नहीं किया गया।

जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अध्यक्ष अनीता कैलाश चंद अग्रवाल ने कहा कि सीएमओ की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता नहीं है और भ्रष्टाचार और निर्माण कार्यों में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। सीएमओ राहुल शर्मा ने सफाई देते हुए कहा कि भूमि पूजन विधायक का व्यक्तिगत कार्यक्रम था और नगर परिषद की तरफ से कोई आयोजन नहीं हुआ था।प्रभारी मंत्री के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल राजपूत द्वारा प्रभारी मंत्री से चर्चा की गई और उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि मामले की जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद धरना समाप्त किया गया।मनीष मंगोले अनिल राजपूत मंडल अध्यक्ष श्याम बुचा उपाध्यक्ष कालूराम सेजकर जितेंद्र मालवीय विक्रम सिंह राजपूत मेहराज खा शिवदास गुर्जर धर्मेंद शिंदा कान्हा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे